मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज एवं मा0 मंत्री, खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग की अध्यक्षता मे अध्यक्षता मे दिनांक 20–04–2021 को आनलाइन मोड मे सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त :–

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य गण उपस्थिति हुएः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह**<br>मा0 अध्यक्ष महोदय,<br>प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज एवं<br>मा0 मंत्री जी<br>खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री संजय तिवारी**<br>प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज एवं<br>अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन | प्रतिनिधि<br>उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद |
| 3. | **श्री कुलदीप बाबू**<br>प्रतिनिधि<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ | प्रतिनिधि<br>विशेष सचिव |
| 4 | **प्रो0 विनय कुमार पाठक**<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्देल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य |
| 5. | **डा0 बी0डी0के0 पात्रो**<br>विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग,<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य |
| 6. | **डा0 अरूण कुमार सिंह**<br>विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग,<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य |
| 7. | **प्रो0 रघुराज सिंह**<br>प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 8. | **श्री नितिन रोहरा**<br>499, एच0आई0जी0<br>रतनलाल नगर, कानपुर | सदस्य |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 9. | **प्रो0 बी0डी0 शांक्यवार**<br>निदेशक,<br>आई0सी0ए0आर0,<br>ए0आई0एन0एफ0ई0टी0, कोलकाता | सदस्य |
| 10. | **प्रो0 वी0के0 गिरि**<br>प्रोफेसर<br>एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर | सदस्य |
| 11. | **प्रो0 आर0पी0 सिंह**<br>सेवानिवृत्त प्रोफेसेर<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 12 | **प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला,**<br>निदेशक<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज | सदस्य–सचिव |

**बैठक मे निम्नलिखित सदस्य गण अनुपस्थिति रहेः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रमुख सचिव**<br>वित्त विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ | सदस्य |
| 2. | **प्रो0 राजीव त्रिपाठी**<br>निदेशक,<br>एम0एन0एन0आई0टी0, इलाहाबाद, प्रयागराज | सदस्य |
| 3. | **प्रो0 राज कुमार सिंह**<br>प्रोफेसर, डी0टी0यू0, दिल्ली एवं<br>अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा नामित | सदस्य |
| 4. | **निदेशक**<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान<br>कानपुर | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 पी0के0 जैन**<br>निदेशक, आई0आई0टी0 बी0एच0यू0<br>वाराणसी | सदस्य |
| 6. | **निदेशक**<br>प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0<br>कानपुर। | सदस्य |

सर्वप्रथम सदस्य सचिव एवं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

Scanned by CamScanner

03:01 **दिनांक 30 जुलाई, 2019 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनॉक 30–07–2019 को सम्पन्न हुई द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

03:02 **प्रशासकीय परिषद की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनॉक 30–07–2019 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

03:03 **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में शैक्षिक पदों पर नियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि की पूर्णता को अस्थाई सेवा मे अर्न्तनिहित किये जाने के सम्बन्ध मे विचार एवं अनुमोदन।**

दिनांक 08–12–2017 को चयन समिति द्वारा की गई संस्तुतियों के सापेक्ष संस्थान द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के सापेक्ष संस्थान में कार्यरत निम्नलिखित शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि की पूर्णता को अस्थाई सेवा मे अर्न्तनिहित किये जाने हेतु मा0 परिषद के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया:

| कम | कार्यरत शिक्षकों के नाम | पदनाम | विभाग | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 अरूण कुमार सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 2 | डा0 बी0डी0के0 पात्रो, | एसोसिएट प्रोफेसर | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 3 | श्री मुकुल सक्सेना | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | सिविल इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 4 | श्री अरस्तु गौतम | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | सिविल इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 5 | श्री ऋषभ कश्यप | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | सिविल इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 6 | श्री अमित कुमार चौहान | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 7 | श्री गौरीश जोशी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग | 13–12–2017 से कार्यरत |
| 8 | श्री अश्विनी कुमार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रानिक्स | 08–12–2017 |

Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | उपाध्याय | | इंजी0 विभाग | से कार्यरत |
| 9 | श्री राजीव कुमार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 10 | सुश्री अर्चना वर्मा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 11 | श्री विजय कुमार तिवारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग | 11–12–2017 से कार्यरत |
| 12 | श्री संतोष कुमार त्रिपाठी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 13 | श्रीमती शिल्पी यादव | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 14 | श्री कमलेश कुमार भारती | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 15 | डा0 विवेक श्रीवास्तव | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 16 | श्री नवीन कुमार तिवारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग | 01–01–2018 से कार्यरत |
| 17 | श्री शशांक यादव | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 | 11–12–2017 से कार्यरत |
| 18 | श्री अभिषेक बाजपेई | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 19 | डा0 रवीश सिंह राजपूत | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | केमिस्ट्री | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 20 | डा0 छाया सिंह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | इंगलिश | 08–12.2017 से कार्यरत |
| 21 | डा0 आकाश अग्रवाल | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | मैनेजमेन्ट | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 22 | डा0 शिम्पी सिंह जादौन | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | मैथमेटिक्स | 11–12–2017 से कार्यरत |
| 23 | डा0 अनुराग शुक्ला | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | मैथमेटिक्स | 08–12–2017 से कार्यरत |
| 24 | श्री सौरभ चौहान | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | मेकेनिकल इंजी0 | 08–12–2017 से कार्यरत |

संस्थान मे कार्यरत उपरोक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्णता को अस्थाई सेवा मे अर्न्तनिहित किये जाने के प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि सदस्य सचिव द्वारा उक्त के सम्बन्ध में संस्थान की बाइलाज के नियम 9 (2) मे निहित व्यवस्था एवं नियमों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए पत्रावली पर भी सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाये।

mc

Scanned by CamScanner

03:04 **संस्थान निदेशक पद पर चयन हेतु गठित चयन समिति की संस्तुति पर राज्य सरकार के अनुमोदनोपरान्त प्रो0 (डा0) मनोज कुमार शुक्ला को निदेशक पद पर की गई नियुक्ति पर अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निदेशक पद पर चयन हेतु गठित चयन समिति की संस्तुति पर राज्य सरकार के अनुमोदनोपरान्त अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा जारी नियुक्ति आदेश संख्या–344/स्थापना/आर0इ0सी0/कन्नौज/2020–21 दिनांक 25 जनवरी, 2021 के द्वारा डा0 मनोज कुमार शुक्ला, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर ने अपने नियंत्रक प्रभारी से 05 वर्ष की अवधि हेतु कार्यमुक्त होने के उपरान्त दिनांक 27–01–2021 को पूर्वान्ह मे संस्थान निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

अतः प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला को राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज के निदेशक पद पर की गई नियुक्ति पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

03:05 **डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय, व्यय, सेवाये लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना तथा अनुमोदन।**

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय, व्यय, सेवाये लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की प्रगति आख्या तथा पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के द्वितीय चरण हेतु संस्थान से प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद द्वारा अवगत हुई तथा उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

03:06 **संस्थान मे रिक्त शैक्षिक व अन्य पदों पर नियमानुसार चयन प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने हेतु अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में शासनादेश संख्या– 1099/16–1/881233/2020 द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम मे लोक सेवा आयोग/अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की परिधि से बाहर के रिक्त शैक्षिक एवं अन्य पदों पर नई रोस्टर प्रणाली का कड़ाई से अनुपालन करते हुए चयन की नियमानुसार कार्यवाही सम्पन्न कराने हेतु मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned by CamScanner

**03:07 संस्थान मे कार्यरत सह प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों को अभातशिप के कॅरियर उन्नति योजना (CAS) द्वारा उच्चीकरण हेतु विचार एवं अनुमोदन।**

(1) वर्तमान में संस्थान में कार्यरत 02 सह प्राध्यापकों यथा डा0 बी0डी0के0 पात्रो, सह प्राध्यापक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग एवं डा0 अरूण कुमार सिंह, सह प्राध्यापक, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग जिनके द्वारा संस्थान मे दी जा रही सेवा अवधि 03 वर्ष से अधिक हो गई है। उक्त शिक्षकों के कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के अन्तर्गत नियमानुसार प्रोन्नति की प्रक्रिया सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रस्ताव प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अतः अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप), नई दिल्ली के कॅरियर उन्नति योजना के अन्तर्गत प्रोन्नति हेतु इच्छुक उपरोक्त शिक्षक यदि अभातशिप द्वारा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार सभी अर्हतायें पूर्ण करते है तो उक्त के सम्बन्ध मे नियमानुसार साक्षात्कार आदि की अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

(2) उक्त के अतिरक्त संस्थान मे वर्तमान मे कार्यरत कुल 22 सहायक प्राध्यापकों का अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के नियमानुसार उनकी सेवा अवधि संस्थान मे 04 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त जो समस्त अर्हता पूर्ण करते हों, उनके संवर्ग मे एक स्तर से उच्चतर स्तर (ग्रेड–पे मे उच्चीकरण) मे सीएएस प्रोन्नति के लिये नियमानुसार कार्यवाही किये जाने पर प्रशासकीय परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गई।

**03:08 संस्थान की वित्त समिति की तृतीय एवं चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने तथा अनुमोदन के सम्बन्ध मे।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की दिनांक 02–07–2020 को सम्पन्न तृतीय बैठक एवं दिनांक 11–03–2021 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक सम्पन्न हुई थी। वित्त समिति की तृतीय एवं चतुर्थ बैठक की कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा उक्त कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**03:09 संस्थान की भवन निर्माण समिति की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने तथा अनुमोदन के सम्बन्ध मे।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की तृतीय बैठक दिनांक 22–02–2021 को सम्पन्न हुई थी। संस्थान के भवन निर्माण समिति के तृतीय

Scanned by CamScanner

बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा उक्त पर मा0 परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**03:10 दिनांक 08–03–2021 को सम्पन्न संस्थान की संस्थान की केन्द्रीय कय समिति की नवीं बैठक के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने तथा अनुमोदन के सम्बन्ध मे।**

राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज की केन्द्रीय कय समिति की नवीं बैठक दिनांक 08–03–2021 को सम्पन्न हुई थी। केन्द्रीय कय समिति के नवीं बैठक की कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा उक्त पर मा0 परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**03:11 डा0 रवीश सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक, एप्लाइड साइंस विभाग को अपने शैक्षिक दायित्वों के साथ–साथ संस्थान के कुलसचिव के दायित्वों का निर्वहन नियमित नियुक्ति होने तक अतिरिक्त प्रभार के रूप मे दिये जाने पर अनुमोदन।**

संस्थान मे कुलसचिव के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक कुलसचिव के कार्यों के निस्तारण हेतु संस्थान में कार्यरत डा0 रवीश सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक, एप्लाइड साइंस (केमिस्ट्री) विभाग को कार्यालय–ज्ञाप संख्या– 389/नि0का0/आर0ई0सी0/कन्नौज/2020–21 दिनांक 02 फरवरी, 2021 द्वारा अतिरिक्त कार्यभार के रूप मे उनके समस्त शैक्षिक दायित्वों के साथ–साथ संस्थान मे कुलसचिव के पद का दायित्व सौंपा गया है।

अतः प्रशासकीय परिषद द्वारा कुलसचिव के पद पर नियमित नियुक्ति होने अथवा अग्रिम आदेशों तक डा0 रवीश सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक, एप्लाइड साइंस (केमिस्ट्री) विभाग को अतिरिक्त कार्यभार के रूप मे संस्थान मे कुलसचिव के पद पर अतिरिक्त प्रभार के रूप मे कार्य किये जाने की अनुमति प्रदान करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**03:12 संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग विभाग मे पूर्व मे कार्यरत दो सहायक प्राध्यापको के त्यागपत्र पर कार्योत्तर अनुमोदन।**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान के सिविल इंजीनियिरंग विभाग में पूर्व मे कार्यरत श्री राहुल कुमार, सहायक प्राध्यापक, सिविल इंजीनियरिंग एवं श्री सार्थक, सहायक प्राध्यापक, सिविल इंजीनियरिंग द्वारा संस्थान से त्याग पत्र देकर अन्य स्थान मे सेवारत हो गये है। उक्त शिक्षकों द्वारा दिये गये त्यागपत्रों को संस्थान द्वारा कमशः दिनांक 07–12–2019 एवं दिनांक 14–12–2019 को स्वीकार किया गया है।

Scanned by CamScanner

उक्त के अवगत होते हुए प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त शिक्षकों द्वारा दिये गये त्यागपत्र पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

03:13 **मा0 न्यायालय के वादों मे संस्थान का पक्ष रखने एवं विधिक सलाह हेतु अधिवक्ता आबद्ध किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान से संबंधित वादों में मा0 न्यायालय मे संस्थान का पक्ष रखने हेतु विधिक सलाह लिये जाने की जरूरत के दृष्टिगत अधिवक्ता आबद्ध किये जाने के लिये प्रस्तुत प्रस्ताव पर डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ मे आबद्ध अधिवक्ताओं के पैनेल से उचित अधिवक्ता की सेवायें विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सेवाशुल्क के आधार पर लिये जाने हेतु मा0 परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

03:14 **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज निर्माण परियोजना की अद्यतन स्थिति से मा0 परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या–2512/16–1–2013–14 (38)/2012 टी0सी0 दिनांक 01–10–2013 द्वारा रू0 5974.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी जो कुर्सी क्षेत्रफल दर वर्ष 2011 की दरों पर आधारित थी।

वर्तमान मे प्रभावी दरों के अनुसार राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज निर्माण परियोजना की पुनरीक्षित आगणन कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा 05 प्रतिशत की बचत, 12.50 प्रतिशत अधिष्ठान व्यय, 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 (वर्क टू बी डन पर ) एवं 01 प्रतिशत लेबर सेस को सम्मिलित करते हुए धनराशि रू0 14082.81 लाख का प्रस्ताव प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से शासन को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

**प्रशासकीय परिषद उक्त सूचना से अवगत हुई।**

03:15 **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज में निर्माणाधीन आवासों में निर्माण उपरान्त प्रस्तावित आवासित शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों से भवन किराया लिये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज परिसर मे वर्तमान मे निर्माणाधीन आवासों के निर्माण उपरान्त उन आवासों मे आवासित शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों से शासनादेश संख्याः आर–9901/ 32–2–2017–46/2017 राज्य सम्मत्ति

Scanned by CamScanner

अनुभाग–2, दिनांक 08 जनवरी, 2018 के अधीन वित्तीय वर्ष 2021–22 से निम्नानुसार आवासों का फ्लैट रेन्ट लिये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गयाः

| आवास की श्रेणी | लिविंग एरिया की रेंज (वर्ग मीटर) | फ्लैट रेन्ट (रू0 में मासिक) | विवरण |
|---|---|---|---|
| श्रेणी–1 | 30 तक | 164.00 | 300 वर्गफुट तथा अधिक कुर्सी क्षेत्रफल का आवास होने पर |
| श्रेणी–2 | 32 से 40 तक | 281.00 | – |
| श्रेणी–3 | 56 से अधिक | 491.00 | – |
| श्रेणी–4 | 106 तक | 1299.00 | – |

03:16 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज में अभातशिप नियमों के तहत 1: 20 शिक्षक छात्र अनुपात के अनुसार रिक्त पदों पर अतिथि व्याख्याता नियुक्त किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप), नई दिल्ली से प्राप्त मान्यता की निरन्तरता के दृष्टिगत शासनादेश संख्या–4067 / सोलह–1–2015–14(1) / 2014 दिनांक 10 नवम्बर, 2015 द्वारा सृजित कुल 45 शैक्षिक पदो के अतिरिक्त 1: 20 शिक्षक छात्र अनुपात के अनुसार कमशः 01 प्रोफेसर एवं 02 असिस्टेन्ट प्रोफसर के पद जब तक शासन से सृजित नहीं होते है, तबतक के लिये संस्थान की बचत से 03 अतिथि व्याख्याता संबंधित शासनादेश में निहित शर्तो के अधीन सत्र 2021–22 से नियुक्त के जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उक्त हेतु शासन से अनुमति प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाये।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(सिद्धार्थ नाथ सिंह)
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

संख्याः 63 / बी0ओ0जी0–03 / रा0इ0का0 / कन्नौज / 2021–22 दिनांकः 18 जून ~~अप्रैल~~, 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।

Scanned by CamScanner

2. उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
3. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
5. कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. निदेशक, भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर।
7. प्रो0 पी0के0 जैन, निदेशक, आई0आई0टी0बी0एच0यू0, वाराणसी।
8. निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0 इलाहाबाद, प्रयागराज।
9. डा0 डी0बी0 शांक्यवार, निदेशक, आई0सी0ए0आर0, ए0आई0एन0एफ0ई0टी0, कोलकाता।
10. निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
11. डा0 राज कुमार सिंह, प्रोफेसर, मेकेनिकल इंजी0 विभाग, डी0टी0यू0, दिल्ली।
12. डा0 रघुराज सिंह, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
13. श्री नितिन रोहरा, रतनलाल नगर, कानपुर।
14. प्रो0 वी0के0 गिरी, प्रोफेसर, एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर।
15. प्रो0 आर0पी0 सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
16. डा0 बी0डी0के0 पात्रो, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, रा0इ0का0, कन्नौज।
17. डा0 अरूण कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, रा0इ0का0, कन्नौज।

(मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

Scanned by CamScanner